
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

31 अक्टूबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

**कठिन समय में कायर व्यक्ति बहाना ढूंढते हैं बहादुर व्यक्ति रास्ता खोजते हैं ।**

सरदार वल्लभभाई पटेल

( भारत के प्रथम गृहमंत्री )

जन्म : 31 अक्टूबर 1875




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# राष्ट्रीय एकता दिवस वर्ष 31 अक्टूबर




राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का प्रतीक है। भारत के गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय ऐक्य दिवस के लिए आधिकारिक कथन में कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस "हमारे देश की , आखण्ड्य और सुरक्षा हेतु वास्तविक और सम्भावित संकटों का सामना करने हेतु हमारे राष्ट्र की अन्तर्निहित शक्ति और सहिष्णुता की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान करेगा। इस दिन सरकारी कार्यालयों में यह शपथ पढ़ी जाती है। मैं सत्यनिष्ठ शपथ लेता हूँ कि मैं देश की ऐक्य, आखण्ड्य और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु स्वयं को समर्पित करता हूँ और इस सन्देश को अपने देशवासियों के बीच फैलाने हेतु भी अटल प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की ऐक्य भावना से लेता हूँ जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि और कर्मों से सम्भव हुआ है। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अपना योगदान देने का भी दृढ़ संकल्प लेता हूँ। राष्ट्रीय एकता दिवस भारत में 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसे 2014 में भारत सरकार द्वारा पेश किया गया था। राष्ट्रीय एकता का मूल मंत्र है शांति भाईचारा : सत्यप्रकाश | राष्ट्रीय एकता का मूल मंत्र है शांति भाईचारा | लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयति के रूप में राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। उन्होंने कई भारतीय रियासतो को देश में मिलाने पर महत्वपूर्ण योगदान निभाया। जिसमें हैदराबाद सहित अन्य रियासत भी शामिल हैं।

Teachers of Bihar
The change makers

# जयंती विशेष 31 अक्टूबर




**सरदार वल्लभभाई पटेल** ( *Sardar Vallabhbhai Patel*; जन्म- 31 अक्टूबर, 1875, गुजरात; मृत्यु- 15 दिसंबर, 1950, महाराष्ट्र) प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। वे 'सरदार पटेल' के उपनाम से प्रसिद्ध हैं। सरदार पटेल भारतीय बैरिस्टर और प्रसिद्ध राजनेता थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के नेताओं में से वे एक थे। 1947 में भारत की आज़ादी के बाद पहले तीन वर्ष वे उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना मंत्री और राज्य मंत्री रहे थे।

# MATH TLM
74 Class-6to8

## लाभ और हानि (profit and loss)

### विशेष सूत्र (special formulae)

**Trick -6**

जब mरु में n वस्तु ख़रीद कर xरु में y वस्तु बेची जाए तो प्रतिशत लाभ/हानि

$$= \frac{xn-my}{my} \times 100$$

जैसे - यदि 10रु में 12 वस्तु ख़रीद कर 6रु में 5 वस्तु बेची जाए तो प्रतिशत लाभ/हानि =?

हल:- $= \frac{(12\times6)-(10\times5)}{10\times5} \times 100 = \frac{72-50}{50} \times 100$

$$= \frac{22\times100}{50} = 44\%$$

★ यदि हल घनात्मक हो तो प्रतिशत लाभ होता है।

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर





# साउथ अफ्रीका का भारत दौरा

| टेस्ट | जगह | तारीख |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | कोलकाता | 14 से 18 नवंबर, 2025 |
| दूसरा टेस्ट | गुवाहाटी | 22 से 26 नवंबर, 2025 |
| पहला वनडे | रांची | 30 नवंबर 2025 |
| दूसरा वनडे | रायपुर | 3 दिसंबर 2025 |
| तीसरा वनडे | वाइजैक | 6 दिसंबर 2025 |
| पहला टी-20 | कटक | 9 दिसंबर 2025 |
| दूसरा टी-20 | मुल्लांपुर | 11 दिसंबर 2025 |
| तीसरा टी-20 | धर्मशाला | 14 दिसंबर 2025 |
| चौथा टी-20 | लखनऊ | 17 दिसंबर 2025 |
| पांचवां टी-20 | अहमदाबाद | 19 दिसंबर 2025 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द **31.10.2025**

## राष्ट्रीय एकता दिवस

राष्ट्रीय एकता दिवस **31** अक्टूबर को मनाया जाता है। यह महत्वपूर्ण दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति और भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। अपने असाधारण नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध, सरदार वल्लभभाई पटेल को "भारत के लौह पुरुष" के रूप में याद किया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस विभिन्न रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करने के उनके प्रयासों की याद दिलाता है और भारत के लोगों में एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है। इस दिन की शुरुआत वर्ष **2014** में की गई थी।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु** आज अंबाला वायुसैनिक अड्डे से **राफेल लड़ाकू** विमान में उड़ान भरेंगी। इससे पहले उन्होंने 2023 में असम के तेजपुर **वायुसेना स्टेशन** से **सुखोई-30 लड़ाकू विमान** में उड़ान भरी थी।


# पद्य पंकज

मत दबा समय की चट्टानों के नीचे,
दोनों हाथों तेरी मूरत को खींचे।
चरणों को धोते आधे से दृग मीचे,
मैं पड़ा रहूंगा तरु-छाया के नीचे।
स्वागत,जग चाहे कितना कीच उलीचे।
मत दबा समय की चट्टानों के नीचे।

**माखनलाल चतुर्वेदी**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सरदार वल्लभ भाई पटेल
जन्म 31 अक्टूबर 1875
मृत्यु 15 दिसम्बर 1950
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पुण्यतिथि पर नमन
इन्दिरा गाँधी
19 नवंबर 1917 - 31 अक्टूबर 1984
Madhu priya
www.teachersofbihar.org